भारत-न्यूजीलैंड मैत्री के सौ वर्ष पर अंडर-20 रग्बी सीरीज की मेजबानी करेगा बिहार

दोनों देशों की पुरुष एवं महिला टीमें पहुंचीं पटना, भारतीय टीमों में बिहार के सात खिलाड़ियों को मिला मौका
राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होंगे मुकाबले, मिक्स्ड मैचों में दोनों देशों के खिलाड़ी बनायेंगे संयुक्त टीमें

बिहारशरीफ। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बिहार एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रहा है। 'खेल के माध्यम से एकता के 100 वर्ष' पहल के तहत 23 से 28 अक्टूबर तक राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारत-न्यूजीलैंड अंडर-20 रग्बी सीरीज का आयोजन किया जाएगा। सीरीज के मुख्य मुकाबले 27 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इस आयोजन में दोनों देशों के युवा खिलाड़ी खेल प्रतिस्पर्धा के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी सहयोग का संदेश देंगे।

सीरीज में भाग लेने के लिए भारत और न्यूजीलैंड की अंडर-20 पुरुष एवं महिला टीमें बिहार पहुंच चुकी हैं। गुरुवार को पटना हवाई अड्डे पर न्यूजीलैंड की टीमों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। अपने प्रवास के दौरान दोनों देशों के खिलाड़ी संयुक्त प्रशिक्षण सत्रों में हिस्सा लेंगे और खेल तकनीक, अनुभव तथा संस्कृति को साझा करेंगे।

पहली बार भारत पहुंचीं न्यूजीलैंड की अंडर-20 टीमें

इस सीरीज की खास बात यह है कि न्यूजीलैंड की अंडर-20 रग्बी टीमें पहली बार इस तरह के आयोजन के लिए भारत आई हैं। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम 'तामा तोआ' और महिला



टीम 'हिने तोआ' में विभिन्न क्षेत्रों से चयनित कुल 24 युवा माओरी खिलाड़ी शामिल हैं। यह आयोजन दोनों देशों के ऐतिहासिक खेल संबंधों को नई मजबूती देने के साथ युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगा।

बिहार के सात खिलाड़ियों को मिला मौका

भारतीय अंडर-20 पुरुष एवं महिला टीमों में बिहार के सात खिलाड़ियों का चयन राज्य के लिए गौरव की बात है। पुरुष टीम में बजरंगी कुमार और रोहित कुमार शामिल हैं, जबकि महिला टीम में अल्पना कुमारी, आरती कुमारी, ब्यूटी कुमारी और सलोनी कुमारी को जगह मिली है। सागर प्रकाश भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। सागर प्रकाश, अल्पना कुमारी और आरती कुमारी वर्ष 2025 में बिहार में आयोजित एशिया रग्बी एमिरेट्स अंडर-20 सेवन्स चौंपियनशिप में भारतीय टीमों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

चार मुकाबलों में दिखेगा रोमांच

27 अक्टूबर को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रग्बी सेवन्स के चार मुकाबले खेले जाएंगे। इनमें भारत और न्यूजीलैंड की पुरुष टीमों तथा महिला टीमों के बीच मुकाबले के अलावा दो मिक्स्ड मैच शामिल होंगे। मिक्स्ड मुकाबलों में दोनों देशों के खिलाड़ी मिलकर संयुक्त टीमें बनाएंगे। इस पहल का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा के साथ खेल भावना, सहयोग और अंतरराष्ट्रीय मैत्री को बढ़ावा देना है।

अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन का केंद्र बन रहा राजगीर

राजगीर बड़े रग्बी आयोजनों के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। यहां अगस्त 2025 में एशिया रग्बी एमिरेट्स अंडर-20 चौंपियनशिप और अप्रैल 2026 में सीनियर नेशनल रग्बी चौंपियनशिप आयोजित की गई थी। भारत-न्यूजीलैंड सीरीज की मेजबानी से बिहार के खेल बुनियादी ढांचे और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की क्षमता को और पहचान मिलेगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक-सह-सीईओ रवींद्रण शंकरण ने कहा कि इस सीरीज की मेजबानी बिहार और राजगीर के लिए गर्व का अवसर है। इससे अंतरराष्ट्रीय खेल संबंध मजबूत होंगे, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और राज्य के युवाओं को रग्बी अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होना ऐतिहासिक उपलब्धि है। न्यूजीलैंड की टीमों के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलने से भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय तकनीक और खेल के बेहतर तौर-तरीके सीखने का अवसर मिलेगा। वहीं, न्यूजीलैंड रग्बी दल की प्रमुख मनु अल्बर्ट ने खेल अनुभव साझा करने, सेवन्स के विकास और भारतीय खिलाड़ियों एवं कोचों के प्रशिक्षण में सहयोग देने को लेकर उत्साह जताया।

गौरतलब है कि मई 2026 में भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में न्यूजीलैंड रग्बी के कोचों के सहयोग से 35 भारतीय कोचों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की गई थीं। राजगीर में होने वाली यह सीरीज इसी सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

भारतीय अंडर-20 रग्बी टीमों की सूची

पुरुष टीम: अजीत नाग, अमन, अरुण प्रजापति, बजरंगी कुमार, भरत किसान, विद्याधर माझी, चरण हेम्ब्रम, नमन यादव, प्रणव गावित, पुष्पेंद्र, राहुल माझी, राजन रावत, रोहित कुमार, सागर प्रकाश, शिवम और सुभाष हांसदा।

महिला टीम: अक्षया एन.एस., अल्पना कुमारी, अनीता मुर्मू, अनुष्का सकाल, आरती कुमारी, ब्यूटी कुमारी, दीपाली ताथे, खुशी देवी, कीर्ति जाधव, अदिति लोंढे, मामाली सिंह, रायमानी मुर्मू, सलोनी कुमारी, समृद्धि कदम, सुमित्रा मुर्मू और तनुश्री भोसले।



स्नातक और शिक्षक विप चुनाव को लेकर नौकरी करने वाले मतदाताओं की रहेगी आज छुट्टी

बिहारशरीफ। बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय द्वारा इस चुनाव में भाग लेने वाले मतदाताओं की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण विशेष निर्देश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी स्नातक और शिक्षक मतदाता, जो मतदाता सूची में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान के दिन यानी 23 अक्टूबर को अपना वोट डालने के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश (स्पेशल कैजुअल लीव) प्रदान किया जाएगा। इस आद.श के लागू होने से सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में कार्यरत शिक्षक और स्नातक मतदाता बिना किसी कार्य बाधा या अनुपस्थिति की चिंता के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। निर्वाचन विभाग का उद्देश्य इस विशेष सुविधा के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना और अधिक से अधिक मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है।

आज सुबह 8 से शाम 4 बजे तक विधान परिषद् चुनाव के लिए वोटिंग

बिहारशरीफ। पटना शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान कल यानी 23 अक्टूबर 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। यह मतदान मतपत्रों के माध्यम से कराया जाएगा और इसकी मतगणना 27 अक्टूबर 2026 को पटना स्थित बाँकीपुर, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में की जाएगी।

निर्वाचन के लिए यह परिचय पत्र मान्य

नालंदा जिले में पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 20 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहाँ 2,778 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जबकि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 37 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 31,830 मतदाता भाग लेंगे।



सभी मतदान केंद्र प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित हैं और मतदाताओं को मतदान के लिए केवल मतदान अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले स्केच पेन का ही उपयोग करना होगा। मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र (ईपिक) के विकल्प के रूप में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, सरकार या निजी उपक्रमों द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, सांसदों या विधायकों द्वारा जारी पहचान-पत्र, शिक्षक या स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के संस्थानों द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, विश्वविद्यालय का डिग्री या डिप्लोमा प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र या यूडीआईडी कार्ड मान्य होगा।

पोलिंग दल को किया गया रवाना

शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद् चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी पूरी कर ली गयी है। गुरुवार को बिहार क्लब से मतदान दल एवं पुलिस दलों को मतदान सामग्री यानी वैलेट बॉक्स और उपकरण लेकर बूथों पर भेजा गया। मतपत्र दंडाधिकारियों द्वारा सुबह तक बूथों तक पहुंचाया जायेगा। इसके लिए पर्याप्त तैयारियां की गयी थी। सभी प्रकार के प्रपत्रों के साथ कर्मियों और सुरक्षा बलों को बूथों पर भेजा गया जो देर शाम बूथों पर पहुंच चुके है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं. SPJW-26-TRAVERSER-35T-B.
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पू.म. रेल, समस्तीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी और वित्तीय रूप से सक्षम निविदाकारों से भारतीय रेलवे के IREPS वेब पोर्टल पर ई-निविदा माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित किए जाते है:-
1. कार्य का नाम : यांत्रिक कारखाना समस्तीपुर में सरफेस ट्रैवर्सर (क्षमता – 35 टन) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग तथा मौजूदा पिट टाइप ट्रैवर्सर साइट को सरफेस टाइप ट्रैवर्सर में परिवर्तित करने के लिए सिविल कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत : ₹1,57,24,141.35, 3. बयाना की राशि : ₹3,14,500.00, 4. निविदा बंद होने की तारीख और समय : 17.11.2026 15:00 Hrs. 5. ई-निविदा के लिए वेबसाईट का विवरण, जहाँ पूर्ण विवरण देखा जा सकता है, इत्यादि : www.ireps.gov.in
मुख्य कारखाना प्रबन्धक/
पूमरे/समस्तीपुर
पीआर/1165/एसपीजे/यां./टी/26-27/32



PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre



डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता – NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड, P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417

Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash
Contact- 9304697359, 9334074905

दुर्गा पूजा के बाद निचली किला गढ़पर मोहल्ले में हुआ भव्य भंडारा

बिहारशरीफ। निचली किला गढ़पर स्थित कमल मंदिर मोहल्ले गुरुवार को शांतिपूर्ण माहौल में विजयदशमी संपन्न होने के उपलक्ष में स्थानीय युवाओं के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन



किया गया। आयोजक पृथ्वीराज चौहान, बिट्टू कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के तहत दिन में माता के भंडारे का आयोजन किया गया, जबकि शाम में भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में कोलकाता से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान माता के भक्ति गीतों और भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर किया जाएगा। कलाकारों की प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगी। उन्होंने बताया कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। ऐसे कार्यक्रमों में लोगों की सहभागिता से सामाजिक एकता को भी बढ़ावा मिलता है। इसी उद्देश्य से स्थानीय युवाओं के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर अजीत कुमार सिन्हा, पवन कुमार, पृथ्वीराज चौहान, सोनू यादव, संतोष कुमार और अमन यादव सुमित मोहल्ले के युवकों ने सहयोग किया।

दुर्गा पूजा में भगवती जागरण की आड़ में बार बालाओं के डांस का वीडियो वायरल

बिहारशरीफ। जिले में दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर भगवती जागरण के नाम पर अश्लील और फूहड़ गानों पर बार-बालाओं के डांस का मामला सामने आया है। इस तरह के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिसमें धार्मिक आयोजनों की आड़ में फूहड़ता परा.`से जाने का दावा किया जा रहा है। इन वायरल वीडियो के सामने आने के बाद आयोजनों की अनुमति और लाइसेंस की शर्तों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, हालांकि इन वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। चर्चा है कि जिले के कई इलाकों में आयोजित इन कार्यक्रमों के दौरान पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी, इसके बावजूद रातभर ये कार्यक्रम बेखौफ चलते रहे। पुलिस की मौजूदगी में ऐसे आयोजनों के होने से प्रशास.निक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। नियमों के मुताबिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए लाइसेंस की शर्तों का पालन करना अनिवार्य होता है, लेकिन यदि इनकी अनदेखी हुई है तो यह जांच का विषय है।

सत्यता की पुष्टि के बाद होगी कार्रवाई : एसपी

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी हृदय कांत ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की गहन जांच कराई जा रही है। जांच के दौरान यदि यह पुष्टि होती है कि ये वीडियो इसी वर्ष की दुर्गा पूजा के दौरान के ही हैं, तो नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व मध्य रेल

ई-ऑक्शन सूचना

ई-ऑक्शन सूचना सं. :- कॉम/विज्ञापन/डीएनआर/26 भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:-
1. कार्य का नाम : गाड़ी सं. 13237/38 एवं 13239/40 (पटना-कोटा एक्सप्रेस) एवं दानापुर मंडल के मेमू ट्रेनों के 13 रेक (अर्थात् 156 कोच) के सभी डिब्बों के बाहरी हिस्से पर पूर्ण विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन। **2. अनुबंध की अवधि :** 05 वर्ष, **3. कैटलॉग संख्या :** कॉम-एडीविटी-मोबाइल, **4. लॉट संख्या :** (i) एडीविटी-इएफएफ-330374-2-26-2 (ii) एडीविटी-इएफएफ-154437-1-26-3, **5. ई-नीलामी की तिथि व समय :** (i) दिनांक : 02.11.2026 को 12:00 बजे से 12:30 बजे तक लॉट संख्या (एडीविटी-इएफएफ- 330374-2-26-2) के लिए ई-नीलामी होगी (ii) दिनांक : 02.11.2026 को 12:10 बजे से 12:40 बजे तक लॉट संख्या (एडीविटी-इएफएफ-154437-1-26-3) के लिए ई-नीलामी होगी (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट होगा।), **6. वेबसाईट जहाँ ई-ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**
मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/दानापुर
पीआर/1158/डीएनआर/वा०/ईएएन/26-27/36



Expert Care for a Healthier Tomorrow
Healwell Hospital
Nurturing Kidneys, Enhancing Lives!
A Unit of Shree Ram Chandra Urology Centre

Kidney Care
Advanced Technology
Urological Treatments
Compassionate Care
Healthy Kidneys
Brighter Tomorrows
Expert Urological Care for a Better, Healthier Life.
Dr. Vijay Shankar Prasad Singh (Urologist & Kidney Expert)
MBBS, MS (Gold Medalist), DNB (General Surgery)
FMAS, DrNB (Urology)
● Kidney Stone Treatment ● Prostate Care
● Urinary Tract Infections (UTI) ● Andrology & Male Health
● Laparoscopic Urology
Address : P. K. Complex, Beside Central Bank, Rukanpura, Patna-14
Contact : 7481912333, 9204089636